हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण...



08 हादसे में घायल दो युवकों की भी मौत आक्रोशित...



## खबर संक्षेप

### अपाक्स की स्कूलों का समय बदलने की मांग

**विदिशा।** मप्र पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी अपाक्स संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बदलने की मांग की है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण छात्रों एवं स्टाफ को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों का समय सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक कर दिया जाए। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि शीघ्र समय परिवर्तन किया जाएगा।

### समाज की धर्मशाला में कराया कन्याभोज



**विदिशा।** क्षत्रिय खंगार समाज की धर्मशाला में मां गजानन के दरबार में छप्पन भोग लगाया गया। कन्या भोजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रताप सिंह राय, जिला संयोजक रघुवीर सिंह राय, जिला तखत सिंह राय, प्रीतम सिंह परिहार, हेत सिंह परिहार, रामस्वरूप राय, देवी सिंह परिहार, ग्यारसी लाल परिहार, बैजनाथ सिंह राय कोटरा, भगत परिहार, बालवीरसिंह, महेश राय, कृष्ण गोपाल राय, राजेंद्र राय सहित आदि मौजूद रहे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता कराई

**विदिशा।** वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतपाड़ा सराय में एनसीसी ऑफिसर निहाल सिंह रघुवंशी एवं स्कूल के एनसीसी के 80 कैडेट सहित स्कूल स्टाफ के द्वारा गांव में रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए शिक्षक निहाल रघुवंशी ने कहा कि तंदुरुस्ती हजार नियामत है। एनसीसी कैडेट्स ने रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों को खसरा-रुबैला टीकाकरण के बारे में जागरुक किया।

### तैयारियों में जुटी जैन मिलन संस्था

**विदिशा।** जैन मिलन संस्था भगवान महावीर की जयंती की तैयारियों में जुट गई है। संस्था के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जैन ध्वजा का वितरण कर रहे हैं। साथ ही 10 अप्रैल को निकलने वाली शोभायात्रा के लिए लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। शोभायात्रा में शामिल होने वाले लोगों के लिए लकी ड्रॉ की व्यवस्था की गई है। इसमें 32 इंच की एलईडी टीवी, इंडक्शन चूल्हा समेत कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं।

### अनूप बने सोशल मीडिया प्रदेश महामंत्री

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से मप्र कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने अनूप अग्रवाल को सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। अग्रवाल की नियुक्ति पर संतोष कुशवाह, आशीष माहेश्वरी, सुनील शर्मा, दर्शन सक्सेना, असलम पटेल, सुरेश सेन, भरत मंगलानी, मनोज खींची, सौरभ आदि ने उन्हे बधाई दी है।

# 40 डिग्री तापमान से गर्मी की शुरुआत

## पूरे अप्रैल खुलेंगे स्कूल, रिजल्ट ओपन होते ही बच्चों की संख्या हुई कम



लश्करपुर क्षेत्र के कई गांव में दिनभर बिजली गुल रहती है। सुबह से ही बिजली चली जाती है और शाम को अंधेरा होने के बाद आती है। जिससे स्कूलों की पानी की टंकियां नहीं भर पातीं और शौचालयों में उपयोग करने के लिए शिक्षक और बच्चों को पानी नहीं मिल पाता। खेरुआ हाट गांव के ऐसे ही हाल हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में दिन दिनभर गुल रहती है बिजली, बिना पंखे के सरकारी शिक्षक काट रहे दोपहरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को गर्मी के सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर में गर्म हवा भी चली।

तीन दिन पहले तक तापमान 37 डिग्री के आसपास चल रहा था और पंखे में ही लोगों को काम अब तक चलता रहा, लेकिन सोमवार को तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी होने के कारण घरों में कूलरों की सफाई शुरू हो गई है। न्यूनतम तापमान में हुई बढ़ोतरी के कारण धूप तेज लगने लगी है। पिछले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया था जबकि सोमवार को यह बढ़कर 23 डिग्री पर पहुंच गया। जिसके कारण लोगों को गर्मी का अहसास हुआ।

इधर सरकारी स्कूलों का नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो गया है। 31 अप्रैल तक स्कूल खुलेंगे इसके बाद गर्मियों की छुट्टियां लगेगीं, लेकिन रिजल्ट ओपन होते ही छात्रों ने अभी से स्कूल आना बंद कर दिया है। सरकारी स्कूलों में गिने चुने छात्र- छात्राएं ही पहुंच रहे हैं। बच्चों के स्कूल की छुट्टियां 1 मई से शुरू होगी और 15 जून तक 45 दिन की छुट्टियां रहेंगी। जबकि शिक्षकों 1 से 31 मई तक अवकाश मिलेगा शिक्षकों की छुट्टियां सिर्फ 30 दिन की रहेंगी।



विदिशा। तेज धूप से बचने के लिए फेस कवर करके निकल रहीं युवतियां।



### गर्मी में सबसे बैस्ट है ग्लूकोज

गर्मी में पानी की कमी का शिकार होने से बचने के लिए सबसे बैस्ट ग्लूकोज है। इसे अपने साथ बॉटल में भरकर रखें और पानी के साथ पिएं। इसके अलावा अन्य कंपनियों के शीतल पेय पदार्थ जैसे, कोल्ड्रिंग्स, पैक जूस की जगह नीबू पानी का उपयोग करें। यह शरीर में एनर्जी बनाए रखने का सबसे अच्छा शीतल पेय पदार्थ है।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सुधरे नहीं तो होगी कार्रवाई, निराकरणों की जानकारी रोज शाम को देनी होगी

गति नहीं आने पर वेतन रोकने की कार्रवाई की कही बात

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाएंगे तो कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की जानकारी रोज शाम को उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में गति नहीं लाएंगे तो वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने के लिए शिविर भी आयोजित किया जा सकते हैं। बैठक के दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। वहीं खरीदी केंद्रों को लेकर भी चर्चा की गई।



विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह।

### सीएम हेल्पलाइन: निराकरण के लिए शिविर आयोजन करने निर्देश

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों में दर्ज सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरणों पर जोर देते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि निराकरणों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागों को साप्ताहिक लक्ष्य तय करते हुए उनका संतुष्टि पूर्वक समाधान हो इसके लिए अलग-अलग कार्य योजनाएं तय करने निर्देश दिए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि निराकरणों के लिए शिविर भी आयोजित किए जा सकते। इस प्रकार के आयोजन में सभी विभागों की समस्यायों का निराकरण एक ही छत के नीचे संभव है। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत 100 दिवसीय और ग्रेडिंग माह की शिकायतों का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए हैं।

### खरीदी केंद्रों पर निगरानी रखें, पेयजल की आपूर्ति हो

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि हर खरीदी केंद्र पर बुनियादी सुविधाएं, वारदाना, तौलकांटा, सर्वर की व्यवस्था हो। जिला आपूर्ति अधिकारी ने अब तक उपार्जन की अपडेट जानकारी दी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं अनुविभागीय अधिकारियों सह अन्य से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के संबंध में निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध किए जाएं। पेयजल संबंधी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उनके निराकरण के लिए क्या व्यवस्था की गई है इसकी जानकारी भी उन्होंने ली।

## नशे के आदी हो चुके दोस्त की पैसों की जरुरत पूरी करने चोरी की नियत से घर में घुसा नाबालिग, कहा-


# मैं चोर नहीं, मेरा दोस्त नशा करने के लिए चोरी करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृष्णा कॉलोनी में सोमवार को एक नाबालिग को चोरी का प्रयास करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। घटना नीरज सेन के घर में हुई, जहां दो युवक चोरी की नीयत से घुसने का प्रयास कर रहे थे। एक को मकान मालिक ने पकड़ लिया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया।

पकड़े गए नाबालिग को मकान मालिक ने खंभे से बांधा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की। इस दौरान नाबालिग ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वह चोरी नहीं कर रहा था। उसने बताया कि उसका साथी नशे का आदी है और नशे के लिए पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी करता है। उसने बताया कि एक दिन पहले भी उसके साथी ने इसी घर में चोरी की थी।

मकान मालिक नीरज सेन ने बताया कि उनके घर पर यह दूसरी बार चोरी का प्रयास किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में नशे का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिसकी चपेट में छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक आ रहे हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए युवक अपराध की राह चुन रहे हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी खुद को नाबालिग बता रहा है उसके कागजातों की जांच की जा रही है।



# समाजसेवा और बाल साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

समाजसेवा में लगे लोगों और बाल साहित्य रचना में लगे कवियों को जिम्मेदारी सौंपने कार्यक्रम आयोजित हुआ। चिकित्सा संस्थानों में सुपर स्पेशलिस्ट द्वारा बनाए गए संगठन विदिशा चैप्टर हजारों लोगों की सेवा कर रहा है।

उनका रिपोर्ट कार्ड कैलाश सत्यार्थी ने सुना। इस चैप्टर में न्यूरो सजन प्रोफेसर सौरभ दीक्षित एम्स भोपाल, पहले किडनी बदलने वाले डॉक्टर केतन मेहरा, अस्थि रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉक्टर सुनील किरार, मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक राजपूत, चैप्टर के संयोजक विपिन वर्मा का अभिनंदन किया गया। इमरजेंसी सेवाओं के विशेषज्ञ एवं एमरजैंसी मेडिसिन में दक्षता प्राप्त डॉक्टर चर्चित बंसल को भी सम्मानित किया गया। बाल साहित्य लेखन के लिए राजेंद्र कुमारे, श्रीवास्तव एवं श्री हरि गोविंद मैथिल की रचनाएं सुनी गई। लेखन के लिए उत्साहित करने के लिए अभिनंदन किया गया। बागड़ी के युवासरपंच राहुल गुर्जर द्वारा अपनी पंचायत में किए गए दलित शोषित ऑन और ग्रामीण जनों के लिए किए गए कार्यों पर सम्मान किया गया। करोड़ों काल में सत्यार्थी फाऊंडेशन द्वारा भेजी गई सामग्री के वितरण में योगदान के लिए राकेश ठाकुर गणेश भगोरिया, प्रेम नारायण आर्य का स्मरण किया गया। वरिष्ठ एडवोकेट लक्ष्मीनारायण दंडोतिया एवं अनिल जैन गोयल को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कैलाश सत्यार्थी फ्रेंड्स क्लब क्लब के घनश्याम बंसल, अनिल पुरोहित, अनिल वर्मा, विमल प्रकाश तारण एडवोकेट, ब्रह्म सिंह वर्मा, डॉक्टर सोनिया राजपूत ने किया।



### स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन और भत्ते अटके

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने कर्मचारियों की सात प्रमुख समस्याओं को लेकर शीघ्र समाधान की मांग की। संघ के अनुसार जिले के सभी नियमित कर्मचारियों का मार्च 2025 का वेतन अब तक नहीं निकाला गया है। कुछ ब्लॉकों में संविदा कर्मचारियों को वेतन मिल चुका है, लेकिन नियमित कर्मचारियों को अब तक वेतन नहीं मिला। वर्ष 2014 से लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते का एरियर भी अब तक नहीं दिया गया है। यह राशि दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक चार किश्तों में दी जानी थी। लेकिन आज तक किसी भी कर्मचारी को भुगतान नहीं हुआ। सार्थक एप की आईडी और ट्रेनिंग अब तक किसी भी ब्लॉक में कर्मचारियों को नहीं दी गई है। इससे कर्मचारी एप से उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं।

## नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि और सीएमओ ने किया निरीक्षण

# तिलक चौक चौराहे का होगा सौंदर्यीकरण प्रतिमा के आसपास से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार सुबह नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने पार्षद धर्मेन्द्र सक्सेना के साथ नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने नगरपालिका के अमले के साथ तिलकचौक का निरीक्षण किया।

तिलकचौक पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। यहां लगी बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा अतिक्रमण के कारण दबी हुई है। जो कभी दिखाई ही नहीं देती। इसलिए नगरपालिका अब तिलक चौक चौराह से अतिक्रमण हटाकर वहां सौन्दर्यीकरण करा रही है। श्री शर्मा ने बताया कि नगर के सभी चौराहों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शहर के मुख्य चौराह तिलक चौक का चौड़ीकरण होने से जाम नहीं लगेगा और सुंदर भी दिखाई। उन्होंने कहा कि हम शहर के सभी चौराहे को चौड़ीकरण के साथ सौंदर्यकरण करने जा रहे हैं।



विदिशा। तिलक चौक स्थिति प्रतिमा के आसपास का जायजा लेते जनप्रतिनिधि।

### बेतवा तट पर जवारों का किया विसर्जन हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत





**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नगर में सोमवार को ज्वारों का जुलूस निकाला गया। बेतवा तट पर ज्वारों का विसर्जन किया गया।

ज्वारों का हिंदू उत्सव समिति द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति जिलाध्यक्ष सुभाष बोहत ने कहा कि यह हमारी सनातनी परंपरा अनेकों वर्षों से जारी है। बोहत ने कहा हिंदू उत्सव समिति 26 वर्षों से लगातार नेत्रवती तट पर घट पूजा और ज्वारों की पूजा का कार्य करती आई है और करती रहेगी।

# जिले के 18 कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू 12 ई-फाइलों का ऑनलाइन निराकरण भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न विभागों के 18 जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर शुभांरभ किया।

कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की 12 ई-फाइलों का ऑनलाइन निराकरण किया है। जिसमें स्थापना, सिविल सूट, जागीर, राहत एसडब्ल्यूबीएन, एएसडब्लू, एएसआर, सतर्कता, एससी, एएससी एवं एसएलआर अदि शाखाएं शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के 18 जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर शुभांरभ किया है उनमें जिला कोषालय अधिकारी, जिला पेंशन अधिकारी, जिला पंजीयक, जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी विदिशा, लोकसेवा प्रबंधन विदिशा, जिला पंचायत विदिशा, जिला वाण्जिय कर, जिला आबकारी अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र, उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला योजना अधिकारी, जिला आपूर्ति अधियकारी, उपसंचालक पशु चिकित्सा, जिला आयुष अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान केन्द्र विदिशा (एनआईसी) शामिल हैं।

### त्वरित निर्णय होगा, कागजी कार्रवाई से मिलेगी मुक्ति

ई-ऑफिस पोर्टल शासकीय कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज का माध्यम है। ई-ऑफिस प्रणाली त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है बल्कि उन्हें कागज रहित भी बनाती है। यह एक डिजिटल कार्यस्थल समाधान है जो खुली वास्तुकला पर बनाया गया है। शासन के समस्त राज्य स्तरीय कार्यालयों के साथ सभी जिला कलेक्टर कार्यालयों एवं जिला स्तर पर स्थापित सभी विभागों के जिला कार्यालयों मे ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है।

### पत्रकार सुरक्षा की मांग लेकर जर्नलिस्ट यूनियन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

जर्नलिस्ट यूनियन ने पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में पत्रकारों के साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए प्रदेश अध्यक्ष अरुण सक्सेना के निर्देश पर संपूर्ण मप्र में एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी पत्रकारों के माध्यम से ज्ञापन दिए जा रहे हैं। चौथे स्तंभ पत्रकारिता की सुरक्षा पत्रकार लोकतंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, जो जनता और सरकार के बीच संवाद का कार्य करते हैं। उनके बिना सशक्त लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती।

वर्तमान समय में कई पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। कई बार उन्हें शारीरिक हिंसा, धमकियों एवं अन्य खतरों का शिकार होना पड़ता है, जिससे स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित होती है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3960
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2972
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव- 2390
चना
न्यूनतम भाव-5060
उच्चतम भाव-5805
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3900
धान
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-3025
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4750
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6470
धनिया
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-5930
सरसों
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7260
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4350
अलसी
न्यूनतम भाव-5750
उच्चतम भाव-5760

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 42615 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## रामकिशोर मुखिया ने माता रानी के भजनों से बांधा समां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री नवदुर्गा उत्सव समिति ब्लॉक ऑफिस बरेठ रोड द्वारा दुर्गा अष्टमी की रात्रि भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस भजन संध्या में ललितपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक रामकिशोर मुखिया द्वारा माता रानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर मनोहारी समा बांधा गया। यह कार्यक्रम देर रात 1:30 बजे तक चला और श्रोता गण माता रानी के भजनों पर झूमते रहे।

इस भजन संध्या की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा ब्लॉक ऑफिस वाली मैया के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने उपस्थित कलाकारों को माता रानी की चुनरी ओढाकर उनका अभिवादन किया। वहीं अतिथियों का स्वागत समिति सदस्य आशीष रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, सेवक रघुवंशी, शुभम रघुवंशी, राकेश विश्वकर्मा, अरविंद साध, सचिन रघुवंशी, रविंद्र, लालू आदि ने फूलमालाओं और चुनरी भेंट कर किया। इसके बाद भजन गायक रामकिशोर मुखिया ने गणराज आज महाराज लाज रख मोरी गाकर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने भजन संध्या में 'रामजु धनी मोरे रामजु धनी, सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, जे के पास में रुपया पैसा उनके मित्र हजार, बेटा जो बुलाए मां को आना चाहिए सहित एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। साथ ही श्रोता भी झूमने पर मजबूर हो गए और देर रात तक भजन संध्या में श्रोता जमे रहे।

## सम्राट अशोक का जन्मदिन मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में महान सम्राट अशोक का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के सबसे महान और प्रभावशाली शासको में से एक थे। वे मौर्य वंश के तीसरे सम्राट थे और उन्होंने 268 ईसा पूर्व से 232 ईसा पूर्व तक शासन किया। उनके पिता सम्राट बिंदुसार और दादा चंद्रगुप्त मौर्य थे। जिन्होंने मौर्य वंश की स्थापना की थी। सम्राट अशोक अपने शुरुआती जीवन में एक शक्तिशाली और युद्ध प्रिया राजा थे। चाणक्य ने उनका मार्गदर्शन किया था। चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के सभी महान एवं शक्तिशाली सम्राटों और राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शीर्ष स्थान पर रहे। नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सुबोध जैन, बलराम सिंह, बंटी गोस्वामी, बृजमोहन, कैलाश नेमा, हेमंत सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

### क्लब पार्क में बन रही टंकी, पत्रकार भवन और चौपाटी निर्माण को देखा

# नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सोमवार की शाम नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने वार्ड क्रमांक 10 स्थित क्लब पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

उल्लेखनीय है कि क्लब पार्क में इन दिनों वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद अनिल यादव की स्मृति में सर्वसुविधा युक्त पत्रकार भवन का निर्माण चल रहा है। साथ ही पार्क परिसर में जलप्रदाय के लिए करीब 15 लाख लीटर क्षमता की नई टंकी का निर्माण भी चल रहा है। इसके अलावा पार्क का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के साथ वहां चौपाटी का निर्माण भी कराया जाना है। ज्ञात हो कि चौपाटी निर्माण नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव की मंशानुसार ही महिलाओं और उनके परिवार की सुविधा के लिए किया जा रहा है। आज नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने शाम के समय क्लब पार्क पहुंचकर इन निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जिसमें उन्होंने गुजरात की कंपनी द्वारा कराए जा रहे टंकी निर्माण की तकनीकी जानकारी ली और निर्माण एजेंसी को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पत्रकार भवन का भी निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति को देखा और संबंधित एजेंसी को समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष का कहना था कि पत्रकारों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर यह पत्रकार भवन बन रहा है, जो उनके लिए एक सौगात है। आगामी समय में कार्य पूर्ण होते ही इसका उद्घाटन किया जाएगा।

वहीं उन्होंने पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का भी अवलोकन करते हुए परिसर में प्रस्तावित चौपाटी स्थल का भी जायजा लिया। उन्होने कार्य को लेकर संतुष्टि व्यक्त करते हुए बताया कि तहसील से लगे हुए हिस्से में चौपाटी बन जाने से पार्क में भी लोगों का आना जाना बना रहेगा और एक अच्छे वातावरण में शहर के लोग अपने परिवार के साथ विशेषकर महिलाएं और युवतियां और बच्चे यहां सुरक्षित माहौल में खाने पीने और मनोरंजन का लुत्फ उठा सकेंगे। हांलाकि इस दौरान पार्क में रखी एक बेंच को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नपा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क में सुरक्षा प्रबंध किए जाएं और असामाजिक तत्व नपा की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं। यदि ऐसा होता है तो नपा द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। नपाध्यक्ष ने रात में पार्क में पुलिस गशत कराने को भी कहा ताकि नशे का सेवन करने वाले एवं असामाजिक तत्वों का वहां जमावडा न हो।

## नेत्र शिविर में हुई 69 रोगियों की जांच



**गंजबासौदा।** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा तथा प्रेम जी भाई जया बेन बोरीवली मुंबई वालों के 50 वें शुभ विवाह के उपलक्ष्य में उनके परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में 7 अप्रैल सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 69 मरीजों की ओपीडी की। इसमें से 20 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 30 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गईं तथा 19 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सचिव सुरेश तनवानी, सह सचिव विनीत अरोरा, सत्यपाल तनवानी,दयाशंकर जायसवाल, हरि सिंह ठाकुर, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, ,राम गोपाल गुप्ता ,रेलवे विभाग से हेमंत राय, देवी प्रसाद भावसार, नेतराम मिश्रा, समाज सेविका रंजीता सिंह, प्रदीप नेमा, सुरेश चंद्र जैन, धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स 10 अप्रैल को सौंपेंगे ज्ञापन



**गंजबासौदा।** ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 10 अप्रैल गुरुवार को पेंशनर्स की एक बैठक लोक निर्माण विभाग परिसर के पास रखी गई है। इस दिन पेंशनर्स मुख्यमंत्री के नाम विधायक हरि सिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपेंगे। जिसमें पेंशनरों की मुख्य मांग 60 से 70 वर्ष की आयु तक आयुष्मान योजना का लाभ एवं पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ, पेंशनर्स की मृत्यु पर 125000 रूपए अनुग्रह राशि सहित अनेक मांगें शामिल रहेंगीं। सुधीर दुबे सहित जगदीप सिंह राजपूत प्रांतीय सचिव, अब्दुल वहाब सिद्दीकी प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक लेवल के अधिकारी कैलाश नामदेव, सचिव गोविंद श्रीवास्तव, सचिव राजकुमार पाराशर, सहायक अध्यक्ष रवि शंकर लोहिया ,रमेश विश्वकर्मा ,विद्या शंकर शर्मा आदि ने पेंशनरों से 10 अप्रैल को दोपहर 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## उपार्जन केंद्रों पर बढ़ी आवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके के उपार्जन केन्द्रों पर इन दिनों बड़ी संख्या में किसान अपनी चना, मसूर एवं गेहूं की उपज को लेकर समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए पहुंच रहे हैं। ग्राम जीवाजीपुर में बने उपार्जन केन्द्रों के सामने तो ट्रैक्टर ट्रॉलियों की मुख्य मार्ग के किनारे ही लंबी लंबी लाइन लगी रहती है। बताया जाता है कि मंडी में किसानी उपज का दाम समर्थन मूल्य से कम होने से किसान बडी संख्या में उपार्जन केन्द्रों पर ही समर्थन मूल्य पर उपज बेंचने पहुंच रहे हैं। जिससे इलाके के उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

## नौलखी पर पाटोत्सव में भगवान का पुष्पो से सहस्त्रार्चन, लगा छप्पन भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर चल रहे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और सीताराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हुए सात दिवसीय पाटोत्सव का सोमवार को हवन और कथा की पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। सातों दिन विभिन्न यजमानों द्वारा भगवान का विभिन्न दिव्य सुगंधित सामग्रियों से सहस्त्रार्चन किया गया। पाटोत्सव के समापन पर सोमवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। पाटोत्सव और कथा की पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।

मालूम हो कि नौलखी आश्रम के जीर्णोद्धार के बाद वहां भगवान जगन्नाथ स्वामी और भगवान सीताराम के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा पिछले वर्ष धूमधाम के साथ हुई थी। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के नवीन विग्रह उड़ीसा जगन्नाथपुरी से 1200 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ लाए गए थे। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने बताया कि भगवान की स्थापना पंचांग तिथि के अनुसार मनाई गई। जिसमें भगवान का प्रतिदिन वैदिक ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में विधि विधान के साथ यजमानों के द्वारा केसर, पुष्पों सहित अन्य दिव्य सुगंधित सामग्रियों से अभिषेक सहस्त्रार्चन किया गया। पाटोत्सव का आयोजन 1 अप्रैल मंगलवार से प्रारंभ हुआ था जिसका समापन 7 अप्रैल सोमवार को हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। सहस्त्रार्चन के बाद आचार्य पंडित केशव शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया गया। रामनवमी पर भगवान रामलला के जन्मोत्सव पर यजमान नरेश गुप्ता द्वारा एवं सोमवार को समापन पर यजमान मनीष पाठक की ओर से भगवान जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग अर्पित किया गया।

## अज्ञात बीमारी से हो रही कुत्तों की मौत



**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में अज्ञात बीमारी के चलते कुत्तों की मौत हो रही है। इस बीमारी में कुत्ते अचानक से खाना पीना छोड़ देते हैं और सुस्त से हो जाते हैं। एक दो दिन में ही इस बीमारी से पीड़ित कुत्तों की मौत भी हो जाती है। यह बीमारी लावारिस कुत्तों और पिल्लों में ज्यादा देखने को मिल रही है, इस ओर पशु चिकित्सा विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

### श्रमदान दल ने चलाया रिपटा घाट पर बेतवा सफाई अभियान

# नवमी पर मां वैत्रवती के आंचल को किया साफ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक ओर पूरा नगर चैत्र नवरात्रि और राम नवमी की पूजा-अर्चना में व्यस्त रहा, वहीं दूसरी ओर श्रमदान दल के समर्पित सदस्यों ने मां वेत्रवती के आंचल को साफ कर एक अद्वितीय भक्ति भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। सच्ची पूजा वही है जो कर्म और सेवा से जुड़ी हो। पूजन सामग्री चढ़ाने से कहीं अधिक पवित्र कार्य है, अपने प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करना और बेतवा नदी के इन सच्चे भक्तों ने यह बात एक बार फिर सिद्ध कर दी। पिछले 49 महीनों से गर्मी, सर्दी, बारिश, त्योहार या कोई भी निजी कारण, कोई भी बाधा इन स्वयंसेवकों को रोक नहीं पाई। प्रति रविवार को यह दल बेतवा नदी के स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ा रहा है। बिना थके, बिना रुके रविवार को आयोजित श्रमदान अभियान 4.0 के 29 वें चरण में, दल के सदस्यों ने रिपटा घाट और प्रवाह क्षेत्र से विभिन्न प्रकार के अवशिष्ट पदार्थ जैसे प्लास्टिक, पूजन सामग्री, गंदे कपड़े आदि को निकाला। इस श्रमदान कार्य में राकेश रघुवंशी, दिनेश चौरसिया, सीताराम रैकवार, योगेंद्र मांझी, रुद्रांश सिंह राजपूत, दीपेश शर्मा, आकाश जैन एवं बाल श्रमदानी शरद रैकवार, अभिनव शर्मा, अरनब रघुवंशी शामिल रहे। श्रमदान दल 49 महीने से निःस्वार्थ सेवा कर रहा है। श्रमदान दल ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि क्या हम एक बार कचरा न फैलाने का संकल्प नहीं ले सकते? आइए, रामनवमी के इस पावन अवसर पर हम भी एक व्रत लें नदी को गंदा नहीं करेंगे और साफ, सुथरा और स्वच्छ रखेंगे।

## आत्मिक स्वास्थ्य ही मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का आधार : रेखा दीदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की स्थापना के प्रतीक रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रभावी ढंग से संबोधित करना है।

ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए दवाई है शुभचिंतन। इसलिए शुभचिंतक बन सबसे दुआएं कमाना, मन में सदा श्रेष्ठ विचार, कल्याणकारी भावनाएं, अच्छे एहसासों को ही जगह दे ताकि दिमाग में सदा पॉजिटिव तरंगों का ही उदय हो। अस्थिर मन वाले व्यक्ति की सोच भी स्थिर नहीं रहती। आत्मिक स्वास्थ्य ही मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का आधार है। आत्मा अजर-अमर अविनाशी चेतन शक्ति है। आत्मिक शक्ति से शरीर का संचालन होता है। जीव अर्थात पंच तत्वों का पुतला, आत्मा अर्थात शरीर को चलाने वाली शक्ति। परमात्मा ने कहा है आत्मा शरीर को चलाती है जैसे ड्राइवर गाड़ी को चलाता है, गाड़ी ड्राइवर को नहीं। आत्मा की कमजोरी प्राकृतिक नियमों को खंडित कर देती है। आत्मा को सशक्त बनाने का आधार है ज्ञान। प्रतिदिन कुछ समय निकालकर राजयोग का लाभ अवश्य उठायें यही आत्मा का पौष्टिक आहार है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन का आधार है, सात्विक भोजन, कहा गया है जैसा अन्न वैसा मन, अन्न का सीधा प्रभाव मन पर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाने का आधार है भोजन। भोजन के प्रत्येक कण में ऊर्जा है हम केवल इसकी बाहरी परत को देखते हैं लेकिन सूक्ष्म तरंग को नहीं देख पाते हैं। यही सर्व रोगौं का मूल कारण है अनाज के उत्पादन से लेकर भोजन ग्रहण करने की प्रक्रिया तक मनुष्यों के वाइब्रेशन उसमें समा चुके होते हैं ऐसे वाइब्रेशन से युक्त भोजन ग्रहण करने से मानसिक रोग उत्पन्न होता है। आज जितने अपराध हो रहे हैं उनका सीधा कनेक्शन भोजन से है अगर भोजन को भगवान को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे तो वह भोजन मन को शक्ति देगा। शक्तिशाली मन से किया गया कार्य उन्नति और जन कल्याण के निमित्त बनता है। जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। शरीर स्वस्थ हो मन प्रसन्न हो तब जीवन में समरसता भर जाती है नहीं तो जीवन बोझ बन जाता है इसलिए बीमारियों से मुक्त हो खुशी की खुराक खाते रहो सदा हेल्दी,वेल्दी और हैप्पी रहो। यही जीवन का सार है। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, बृजेश राठौर, प्रेमलता दुबे, सुरेंद्र पास्तोर आदि ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें नई पीढ़ी को सही दिशा देने की जरूरत है। जिससे वह नशे में न पडकर अपने स्वास्थ्य का और अपनों का ख्याल रख सकें। यह कार्य ब्रह्माकुमारी दीदी बहुत अच्छे से कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह आयोजन की तैयारी बैठक आज

**सागर।** खुरई विधानसभा क्षेत्र में आगामी 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत होने जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन के संबंध में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह खुरई व मालथौन विकास खंड के सभी अधिकारियों की बैठक लेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी हेतु आयोजित बैठक जनपद पंचायत खुरई के सभाकक्ष में 8 अप्रैलको दोपहर 2 बजे आयोजित की गई है।

### महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा की तिथि में बदलाव

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन जिला मुख्यालय के चार परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल के अनुसार, 10 अप्रैल 2025 को महावीर जयंती का अवकाश होने के कारण उस दिन 10 अप्रैल की परीक्षा अब 13 अप्रैल (रविवार) को आयोजित की जाएगी।

### कलेक्टर के निर्देश, छोटे नदी, नालों को करें पुनर्जीवित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए हैं कि, जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य करते हुए सागर जिले में छोटे नदी, नालों को चिन्हांकित करें। ऐसे सभी छोटे जल स्त्रोतों (स्मॉल वॉटर बॉडीज) को चिन्हांकित करने के पश्चात उन्हें पुनर्जीवित करें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी के छोटे-छोटे स्त्रोतों को भी संरक्षित किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल स्त्रोतों के पास चेक डैम बनाया जाए जिससे पानी रोका जा सके साथ ही रिचार्ज पिट भी बनाएं जिससे जल संवर्धन का कार्य भी किया जा सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को जागरूक रहते हुए इस दिशा में लगातार प्रयास करना होगा।


**परीक्षा में प्रतिबंधित सामग्री लाने पर होगी कड़ी कार्रवाईः प्राचार्य डॉ जीएस रोहित**

# परीक्षार्थी को महंगी पड़ी होशियारी, मोबाइल से नकल करते हुए धरा गया, मोबाइल जब्त कर बनाया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय में चल रही महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा के दौरान वीक्षकों को चकमा देते हुए मोबाइल लेकर परीक्षा हाल में पहुंचे एक परीक्षार्थी को उसकी होशियारी उस समय महंगी पड़ गई जब हाल में मौजूद वीक्षक की सजगता से उसे मोबाइल से नकल करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जीएस रोहित के निर्देशन में इन दिनों महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षाएं चल रही है। परीक्षा में नकल एवं अनुचित सामग्री के उपयोग रोकने को लेकर परीक्षार्थियों को जारी निर्देशों तथा परीक्षा भवन में प्रवेश के पहले सख़्त जांच एवं परीक्षण के बावजूद कतिपय चालाक किस्म के परीक्षार्थी प्रतिबंधित सामग्री लेकर परीक्षा हाल में



पहुंच तो रहे हैं लेकिन वीक्षकों की पैनी नजर से उनका बचना मुश्किल हो रहा है।

ऐसा ही एक वाकया सोमवार को प्रातःकालीन पारी में बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा के दौरान सामने आया। परीक्षा हाल में भौतिक शास्त्र के परीक्षार्थी द्वारा वीक्षकों की नजर बचाकर मोबाइल से नकल करने की कोशिश की जा रही थी लेकिन हाल में मौजूद वीक्षक की सजकता से वह बच नहीं सका और मोबाइल से नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।नकलची परीक्षार्थी को परीक्षा प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उसका मोबाइल जप्त करते हुए यूएफएम प्रकरण बनाकर परीक्षार्थी के विरुद्ध परीक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को भेज दिया गया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एस रोहित ने महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए पहुंचने वाले सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया है कि वह अपने साथ बैग, पर्स, मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ या किसी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, क्लिपबोर्ड, स्टेशनरी बैग, लिखित या छपी सामग्री, पान-गुटका आदि साथ लेकर परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं करें अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध परीक्षा अधिनियम की कार्यवाही कर परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को स्वयं की फोटो युक्त प्रवेश पत्र व कोई एक परिचय पत्र लाना अनिवार्य है जिसके बिना भी परीक्षा भवन में प्रवेश से वंचित किया जा सकेगा।

### दो लाख 91 हजार किसानों ने कराई डिजिटल पहचान

**सागर।** किसानों को डिजिटल पहचान देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। इसके तहत सरकार हर किसान को डिजिटल आईडी मुहैया कराएगी। आधार की तर्ज पर किसानों का स्मार्ट कार्ड बनाया जा रहा है। इस आईडी से किसान की पहचान की जा सकेगी। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हीं किसानों को मिल सकेगा, जिनके बारे में डाटा ऑनलाइन रजिस्ट्री में मौजूद होगा। बता दें कि पीएम किसान सम्मान निधि, सीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ भी उन्हीं किसानों को मिल सकेगा जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।


### पूर्व सैनिकों से भेंट करेंगे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सागर कैप्टन (नौसेना) यूपीएस भदौरिया (सेवानिवृत्त) 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे देवरी तहसील का दौरा करेंगे। इस दौरान वे तहसील कार्यालय, देवरी में स्थानीय पूर्व सैनिकों से भेंट करेंगे।

# महावीर जयंती पर शासकीय अवकाश व मांस-मदिरा की दुकान बंद कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर की जयंती पूरे देश में बडें ही धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिसयन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना,प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,प्रदेश सलाहकार अंकित जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,देश के



गृहमंत्री अमित शाह सहित देश के समस्त राज्यो के मुख्यमंत्रियो को पत्र लिखकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर देश भर में शासकीय अवकाश घोषित करने एंव मांस,मदिरा दुकानो को बंद कराने की मांग की गई। वही उन्होने कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। एक लँगोटी तक का परिग्रह नहीं था उन्हें। हिंसा,पशुबलि,जाति-पाँति के भेदभाव जिस युग में बढ़ गए,उसी युग में पैदा हुए महावीर और बुद्ध। दोनों ने इन चीजों के खिलाफ आवाज उठाई। दोनों ने अहिंसा का भरपूर विकास किया। करीब ढाई हजार साल पुरानी बात है। ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के क्षत्रिय कुण्डलपुर में पिता सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहाँ तीसरी संतान के रूप में चैत्र शुक्ल तेरस को वर्द्धमान का जन्म हुआ। यही वर्द्धमान बाद में स्वामी महावीर बने। महावीर को वीर,अतिवीर और सन्मति भी कहा जाता है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का आज का जो बसाढ़ गाँव है वही उस समय का वैशाली था। वर्द्धमान को लोग सज्जंस श्रेयांस भी कहते थे और जसस यशस्वी भी। वे ज्ञातृ वंश के थे। गोत्र था कश्यप। वर्द्धमान के बड़े भाई का नाम था नंदिवर्धन व बहन का नाम सुदर्शना था। वर्द्धमान का बचपन राजमहल में बीता। वे बड़े निर्भीक थे। आठ बरस के हुए, तो उन्हें पढ़ाने, शिक्षा देने, धनुष आदि चलाना सिखाने के लिए शिल्प शाला में भेजा गया। मान्यता है कि वर्द्धमान का विवाह हुआ ही नहीं था । वे बाल ब्रह्मचारी थे। राजकुमार वर्द्धमान के माता-पिता जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ, जो महावीर से 250 वर्ष पूर्व हुए थे, के अनुयायी थे। वर्द्धमान महावीर ने चातुर्याम धर्म में ब्रह्मचर्य जोड़कर पंच महाव्रत रूपी धर्म चलाया। वर्द्धमान सबसे प्रेम का व्यवहार करते थे। उन्हें इस बात का अनुभव हो गया था कि इन्द्रियों का सुख, विषय-वासनाओं का सुख, दूसरों को दुःख पहुँचा करके ही पाया जा सकता है। महावीर जी की 28 वर्ष की उम्र में इनके माता-पिता का देहान्त हो गया। ज्येष्ठ बंधु नंदिवर्धन के अनुरोध पर वे दो बरस तक घर पर रहे। बाद में तीस बरस की उम्र में वर्द्धमान ने श्रामणी दीक्षा ली। वे ह्लसमणह्ल बन गए। उनके शरीर पर परिग्रह के नाम पर एक लँगोटी भी नहीं रही। अधिकांश समय वे ध्यान में ही मग्न रहते। हाथ में ही भोजन कर लेते, गृहस्थों से कोई चीज नहीं माँगते थे। धीरे-धीरे उन्होंने पूर्ण आत्मसाधना प्राप्त कर ली।

# केसली पुलिस द्वारा खंडहर मकान से जब्त की गई भारी मात्रा में अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले में अवैध शराब की बिक्री परिवहन एवं भंडारण करने वाले एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा समस्त थाना प्रभारियो को दिये गये। उक्त निर्देशों के पालन में अधिक सक्रियता के साथ मुखबिर तंत्र को मजबूत कर अवैध शराब की बिक्री भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में थाना केसली में अति. पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिंहा एवं एसडीओपी देवरी शशिकांत सरयाम के मार्गदर्शन में थाना स्तर की टीम गठित कर अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु लगातार समस्त प्रयास किए जा रहे थे। जिसके परिणाम स्वरूप थाना प्रभारी केसली हरिराम मानकर को विश्वस्त मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर थाना केसली की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गयी जिसमें ग्राम कुकवारा में क्षतिग्रस्त खंडहर पुराने मकान में रखी अवैध शराब के खांकी रंग के कागज के 78 कार्टुन कुल 3900 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई।

# ‘हार्दिक ने पत्रकारिता को सिर्फ संगठित नहीं बल्कि उसमें आत्मा भी फूंकी’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि भारत में जब पत्रकारिता व्यवसाय बनती जा रही थी, तब एक आवाज़ उठी साफ, सशक्त और सिद्धांतों से लबालब। यह आवाज़ थी आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की। एक ऐसा नाम, जिसने जैन समाज की पत्रकारिता को सिर्फ संगठित नहीं किया, बल्कि उसमें आत्मा फूंक दी।

हार्दिक हुंडिया सिर्फ कुर्सी पर बैठने वाले अध्यक्ष नहीं है, वह मैदान में उतरकर लड़ने वाले योद्धा है। वह सिर्फ भाषण देने वाला नेतृत्वकर्ता नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने वाला मार्गदर्शक है। वह सिर्फ संगठन नहीं चलाते, विचारों की मशाल जलाते है। उन्होंने ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा को ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है जो आज हर जैन पत्रकार के दिल की आवाज बन चुका है। उनके





प्रयासों से देशभर में जैन पत्रकारों को सम्मान, मंच और मार्गदर्शन मिला है। आज आईजा कोई औपचारिक संस्था नहीं, एक भावना बन चुकी है। यह एक ऐसा संकल्प, जो हर जैन पत्रकार के अंदर गर्व जगाता है। दिल्ली से चेन्नई तक, मुंबई से गुवाहाटी तक और पूरे मध्यप्रदेश में हर जगह आज आईजा की गूंज है। हर राज्य में सक्रिय शाखाएं, मीडिया वर्कशॉप्स, अवॉर्ड समारोह और जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण शिविर ये सब हार्दिक हुंडिया के विज़न की देन हैं। हार्दिक हुंडिया का एक-एक शब्द आग है, एक-एक कदम बदलाव है। वे कहते हैं अगर पत्रकार निष्पक्ष नहीं, तो समाज अंधकार में है और अगर जैन पत्रकार खामोश हैं, तो धर्म की मशाल बुझने लगेगी। इसलिए उन्होंने जैन पत्रकारों को सिर्फ माइक नहीं थमाया, उन्हें साहस, दृष्टि और दिशा भी दी। कोरोना काल हो या समाज में किसी जैन साधु के साथ अन्याय हार्दिक हुंडिया सबसे आगे दिखे। प्रेस की आज़ादी की बात हो या धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार हार्दिक हुंडिया ने हर बार आवाज़ बुलंद की। उन्होंने कई युवा पत्रकारों को व्यक्तिगत रूप से प्रेरित किया, मार्गदर्शन दिया और आगे बढ़ने का मंच दिया। अब उनका अगला लक्ष्य है ग्लोबल आईजा। हार्दिक हुंडिया आईजा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के मिशन में हैं।

### छोटे व्यापार वालों को 10 हजार का प्रावधान

**सागर।** केन्द्र द्वारा प्रवर्तित प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी ब्याज के 10 हजार रुपए की कार्यशील पूंजी मिल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक हितग्राही को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जोड़ने के लिए यूपीआई-आईडी और यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। डिजिटल ट्रांजेक्शन पर प्रतिवर्ष 1200 रूपए की अतिरिक्त राशि दी जाती है।

## मां विजयासन को लगाया 56 भोग, श्रद्धालुओं ने की महाआरती

**सिलवानी।** नगर के मॉ विजयासन मंदिर में महा आरती तथा 56 भोग कार्यक्रम आयोजित किया। जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। रविवार रात्रि को मॉ विजयासन मंदिर मातारानी के जयकारो से गूंज उठा, मंदिर समिति के द्वारा यहां पर महाआरती आयोजित की गई मातारानी को 56 भोग लगाए गए। महाआरती करने बड़ी संख्या में पहुचें श्रद्वालु घरो से ही दीपक लेकर मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। हजारो की संख्या में दीपको की रोषनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा। श्रद्वालुओं के द्वारा ढोल मंजीरो, हारमोनियम, ढोलक व अन्य वाद्य यंत्रो के साथ मातारानी की आरती की। इस दौरान श्रद्वालु भाव विभोर होकर नृत्य भी करते देखे गए ।

मंदिर परिसर में मंगलवार को हवन संपन्न किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गुरुवार को विशाल कन्या भोज आयोजित होगा। मंदिर समिति ने भक्तों से कार्यक्रम में सहभागिता करने व कन्या भोजन में कन्याओं को लाए जाने का आग्रह किया हैं।

# ढोल बाजों के साथ निकली ज्वारों की विर्सजन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शक्ति की भक्ति अराधना के चैत्र नवरात्रि महापर्व पर देवी भक्तों द्वारा मातारानी की सेवा अराधना में ज्वारे बोकर एवं अखण्ड ज्योति जलाकर भक्ति साधना की जाती है। नवरात्रि समाप्त होने के बाद ज्वारे विर्सजन की प्राचीन परंपरा है।

सोमवार को नगर के विभिन्न हिस्सो में देवी भक्तों द्वारा बाजे गाजे के साथ ज्वारों की यात्रा निकाल कर विर्सजन किया गया। ज्वारे विर्सजन की निकली यात्रा में देवी भक्त पंडा, देवी भक्त प्रसन्नता में नाचते गाते जश्न मनाते हुए सम्मिलित हुए।

### कन्याभोज कार्यक्रम

घरो, देवी मंदिरो में साधको द्वारा नो दिनो तक मातारानी की विशेष साधना की जाती है। जिसके ज्वारों और अखण्ड ज्योति का विशेष महत्व रहता है। नवरात्रि समापन पर मंदिरो और घरो घर देवी पूजन कन्याभोज के कार्यक्रम हवन, भंडारे होते रहे। नगर में निकली ज्वारो की विर्षजन यात्रा में महिलाओं की भी सक्रियता सहभागिता बनी रही। देवी की भक्ति में लीन होकर नर-नारी नृत्य करते हुए साथ चलते रहे।

# पार्टी के आदर्शों मूल्यों की जीवन में आत्मसात करें: राज्यमंत्री पटेल

## *भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय पर राज्यमंत्री पटेल ने फहराया भाजपा का झंडा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

उदयपुरा रोड स्थित शिवाजी सेवा सदन भाजपा कार्यालय में सेकडो भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा भाजपा का ध्वज फहराया गया। भारत माता की पूजन आरती और भाजपा के सभी आर्दश पुरूषों के चित्रो पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

### भाजपा दल नहीं विचार भी

भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान विचार व्यक्त करते हुए राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि भाजपा एक राजनैतिक दल ही नहीं विचार भी है। राष्ट्र निर्माण अन्त्योदय और सबके विकास का कार्य करने पार्टी कार्यकर्ता नेता हमेशा सक्रिय रहते है। कहा कि पार्टी के आर्दशों को जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र सेवा का संकल्प सक्रियता से पार्टी और मजबूत होगी। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं की सक्रियता महत्वपूर्ण है।




### *इनकी रही उपस्थिति -*

*कार्यक्रम में नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, ग्रामीण अध्यक्ष रेवक सिंह गोदर, अभिषेक रघुवंशी, पवन रघुवंशी, योगेन्द्र पटेल, पार्षद चंद्रप्रकाश मेहरा, शारदा सराठे, राजेश साहू सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।*

# श्रीराम की शोभायात्रा, श्री राम की भक्ति में डूबा बाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

नगर में श्रीराम जन्म उत्सव पर निकली युवा संगठन की श्रीराम शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र बिंदु रही है घोड़ा बग्गी बैंड डीजे संगठन ने शोभा यात्रा निकालकर नगर में धमाल मचा दिया। यात्रा का आगाज बालाजी धाम से प्रारंभ हुई यहां पर संगठन ने विशेष पूजा श्री राम के उद्घोष के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ यात्रा का प्रथम दृश्य अयोध्या के राजा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की आकर्षक प्रतिमा हर दिल को छू रही थी। दूसरा दृश्य महाकालेश्वर का आकर्षित प्रतिमा लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी। महाकाली का विकराल रूद्र रूप प्रतिमा में दर्शाया गया जो चल समारोह में आकर्षण का केंद्र बिंदु थी एक रथ पर श्रीमंत संत आकर्षक रथ पर सवार थे संत के आशीर्वाद के लिए लोगों में उत्साह दिखाएं।

झिलमिल झांकिया विद्युत की रोशनी नगर को रोशन कर रही थी घोड़े का आकर्षक नृत्य डीजे की रेल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करें तीन किलोमीटर लंबी यात्रा में पूरा वातावरण श्री राम के आदर्श स्वरूप के दर्शन कर रहा था।

**रामलीला मैदान के राम दरबार मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ**

# मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

## *छींदधाम, हनुमान गढ़ी में भक्तो का लगा मेला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को रामनवमी के पावन पर्व श्रीराम जन्मोत्सव पर नगर के मंदिरो में विभिन्न कार्यक्रम हुए। सिद्ध एवं प्रसिद्ध हनुमान मंदिर छींदधाम, नगर के प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, बडा बाजार स्थित श्रीराम दरबार मंदिर और श्रीरामलीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर में दिन और रात में दर्शन करने, श्रीराम जन्मोत्सव मनाने भक्त नर-नारियों की भीड बनी रही।

रामलीला मैदान के श्रीराम दरबार मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पर पत्रकार संघ द्वारा संगीतमयी सुन्दर कांड पाठ और धार्मिक भजनो का कार्यक्रम रखा गया। जिसके समापन में क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सम्मिलित होकर महाआरती की गई।



रामलीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर प्रांगण में जहॉ एक ओर धार्मिक भजनो और सुंदर कांड का संगीतमयी पाठ चलता रहा। वही पत्रकार महेश वर्मा एवं मयंक वर्मा द्वारा अपने साथियों के साथ केक काट कर जन्मदिन भी मनाया गया। श्रीराम दरबार में संगीतमयी धार्मिक भजनो के चले कार्यक्रम में श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति बनी रही।

कार्यक्रम में नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, ठाकुर सिंह, दुर्गा धाकड़, हरिसिंह खोजर, पूरन धाकड़, अभिज्ञान पटेल, योगेश पटेल, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, राजीव तारण, पवन सिलावट, संजय शर्मा, राजेन्द्र धाकड़, महेश वर्मा, मयंक वर्मा, ब्रजेश श्रीवास्तव, राधेलाल भावसार, राधेश्याम पालीवाल, व्यापार संघ अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, मारूति द्विवेदी, प्रशांत राठी सहित श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति बनी रही। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के द्वारा महाआरती के साथ समापन हुआ।

# खप्परों के साथ मां काली की डांडिया कलश यात्रा के साथ निकली शोभायात्रा

## मां काली के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु रहे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के ठाकुर कोरी मोहल्ला में 51 खप्पडो के साथ विराजी माता महाकाली की सोमवार को प्रतिमा विर्सजन के लिए विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में माँ काली की प्रतिमा के साथ बालिकाओं का गरबा नृत्य, भूतनाथ, डमरू पार्टी का नृत्य और एक सी साडियों में सिर पर कलश लेकर निकली महिलाए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। माँ काली और शोभायात्रा का नगर की परंपरानुसार स्थान-स्थान पर पूजन स्वागत किया जाता रहा।

जय महाकाल ग्रुप द्वारा गत अनेक वर्षो से शारदीयस एवं चैत्र की नवरात्रि में ठाकुर कोरी मोहल्ला में 51 खप्पडो में ज्वारे बोकर माँ काली की भव्य विशाल प्रतिमा स्थापित की जाती है। नवरात्रि के समापन बाद सोमवार को अनेक बैंड पार्टी, ढोल बाजो, डीजे इत्यादि के साथ माँ काली की प्रतिमा विर्षजन शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में जय महाकाल ग्रुप, हिउस एवं अन्य संगठनो के पदाधिकारी सदस्य साफा बांध कर सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में जहॉ महिलाए सिर पर कलश लेकर साथ चल रही थी।

### ठाकुर बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

सागर। ठाकुर बाबा क्रिकेट क्लब पंतनगर वार्ड द्वारा कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के समापन दिवस आयोजित फाइनल मुकाबले में मोती नगर क्रिकेट क्लब ने विजय हासिल की। उपविजेता टीम ठाकुर बाबा क्रिकेट क्लब पंतनगर रही। विजेता टीम को मोती नगर टीम को विधायक शैलेंद्र कुमार जैन द्वारा 21000 का चेक प्रदान किया गया।

**नाम परिर्वतन सूचना**

मैं मधु पिता श्री सत्यगुरू शरण तिवारी निवासी वार्ड न.26 जैन कॉलेज के पीछे हरीपुरा, विदिशा, शादी से पहले मेरा नाम मधुलता था शादी के बाद अब मेरा नाम मधु हो गया है अतः भविष्य में सभी शासकीय, अशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम मधु के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

शपथ क्र- BF 826733

‘पेयजल’ के लिए जद्दोजहद

# भीषण गर्मी में जलसंकट : दो किमी दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

## बनखेड़ी गांव में नल जल योजना बनी परेशानी का सबब, योजना के नाम पर रखी गई प्लास्टिक की टंकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद के अंतर्गत आने वाले बनखेड़ी गांव में वर्ष 2022 में शुरू हुई नल जल योजना ग्रामीणों के लिए राहत की बजाय मुसीबत बन गई है। योजना के तहत ठेकेदार द्वारा गांव में मात्र 5000 लीटर की प्लास्टिक की टंकी लगाई गई है, जो ग्रामीणों की दैनिक जल आवश्यकता को पूरा करने में पूरी तरह असमर्थ है। गांव में इन दिनों तेज गर्मी पड़ रही है और वहीं बिजली की भारी कटौती ने हालात और बदतर कर दिए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गायब रहती है, जिससे टंकी में पर्याप्त पानी भर नहीं पाता। परिणामस्वरूप, टंकी से सीमित मात्रा में ही जल आपूर्ति हो पाती है और बड़ी संख्या में ग्रामीणों को पानी से वंचित रह जाना पड़ता है।



### ग्रामीण दो किलोमीटर दूर से ला रहे हैं पानी

*इस संकट के चलते ग्रामीणों को मजबूरन दो किलोमीटर दूर खेतों से पानी लाना पड़ रहा है। अधिकतर लोग मजदूरी करते हैं, ऐसे में सारा दिन पानी भरने में ही निकल जाता है जिससे उनकी रोज़ी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। गांववासियों ने ठेकेदार और पीएचई विभाग की लापरवाही को इस संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि योजना के नाम पर केवल दिखावटी काम हुआ है और किसी ने भी गांव की वास्तविक आवश्यकताओं का ध्यान नहीं रखा।*

### समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से लगाई गुहार

*बनखेड़ी गांव के सैंकड़ों ग्रामीणों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके और जल संकट से निजात पाई जा सके। क्योंकि पानी की समस्या के कारण मजदूर वर्ग के लोग मजदूरी करने नही जा पा रहे हैं। उनका पूरा समय पानी भरने में ही निकल जाता है।*

### नहीं मिल रहा पानी

पानी की समस्या के चलते मेरे बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाए और ना ही वह पेपर दे पाएं। मेरे परिवार में 6 सदस्य हैं जिनमें से तीन बच्चे हैं वह मेरे साथ ही पानी भरने में लगे रहते हैं। इसके अलावा मेरे पास मवेशी भी है जो चार दिन से पानी नहीं मिलने के कारण प्यासे हैं। इस बीच अगर गाय मर गई तो गऊ हत्या हमको लगेगी। नल जल योजना की पाइपलाइन भी सही नहीं डाली गई है। जिसकी वजह से हम लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

- **वैजयंती बाई**, स्थानीय ग्रहणी बनखेड़ी।

नल जल योजना की टंकी नहीं बनाई गई है बल्कि उसकी जगह प्लास्टिक की की टंकी रखी गई है। 2022 में नल जल योजना शुरू हुई थी।। ठेकेदार द्वारा सही काम नहीं करने की वजह से ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मोटर की डीपी भी नहीं रखी गई है। ग्रामीणों को कभी पानी मिलता है कभी नहीं मिलता है। जिसकी वजह से गर्मी में पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे भ्रष्टाचारी ठेकेदार पर शासन द्वारा कार्रवाई की जाए।

- **कमलेश**, स्थानीय ग्रामीण।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर से निकली यात्रा हिंगलाजगढ़ पहुंची



**बाड़ी।** हनुमान मंदिर संकट मोचक थाना बाड़ी से लोगों ने श्री हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना के बाद तिथि नवमी को एक विशाल समूह के रूप पूजा अर्चना कर धर्म यात्रा प्रारंभ की जो 5 किलोमीटर धर्म यात्रा में लोग मौजूद भक्तों ने हिंगलाजगढ़ मां हिंगलाज को झंडा अर्पण कर मनोकामना पूर्ण करके अरदास लगाई।

### जिले में 8 अप्रैल से शुरू होगा पोषण पखवाड़ा

**रायसेन।** जिले में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, आयुष विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वित रूप से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

### सौरभ शर्मा मामले में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**रायसेन।** सोमवार शाम को ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता जलता हुआ पुतला लेकर बाइक से सागर तिराहे पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन ने फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की, इसके बाद कार्यकर्ता जलते पुतले को लेकर भागने लगे। थाना प्रभारी संदीप चौरसिया और अन्य पुलिस कर्मियों ने पुतला छीन लिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए सौरभ शर्मा को बचा रही है। कांग्रेस ने ईडी अधिकारी तुषार श्रीवास्तव का दिल्ली ट्रांसफर और रितेश श्रीवास्तव का 8 महीने में तबादला करने पर सवाल उठाए हैं।

बीते चार दिन में तीन हादसों में छह लोगों की हो चुकी है मौत

# हादसे में घायल दो युवकों की भी मौत आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आमने-सामने घर-आंगन, साथ में खेले, पढ़े और बड़े हुए। कहीं भी जाना हो तीनों साथ जाते थे। एक दूसरे के बिना रहते नहीं थे। व्यवहार ऐसा कि हर किसी को अपना बना लेते थे, लेकिन जब दुनिया से जाना हुआ तो तीनो एक साथ ही विदा हुए। 20 से 23 वर्ष के युवाओं की यह कहानी हर किसी की आंखों को नम कर गई।

रविवार को ग्राम सिरसौदा के पास हुए हादसे में 3 में से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो युवकों की इलाज के दौरान देर रात भोपाल में मौत हुई। तीनों युवकों की मौत लोगों के आक्रोश का कारण बना, लगातार हो रहे हादसों को लेकर लोग आक्रोश से भर गए और सडक़ चौड़ीकरण की मांग को लेकर सोमवार को जमकर हंगामा किया। साथ ही पीड़ित परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपए राहत की मांग की। लोगों ने सागर-भोपाल और सुल्तानपुर मार्ग पर चक्काजाम कर लगभग दो घंटे आवागमन रोक कर रखा। हालांकि एसडीएम और एसडीओपी ने समझाइश देकर लोगों को शांत किया और रास्ता खुलवाया।



### सड़क चौड़ीकरण और सहायता की मांग

चक्काजाम कर रहे लोगों का आक्रोश चरम पर था। लोग मृतकों के परिजनों को 10-10 रुपए की आर्थिक सहायता तुरंत देने के साथ हाइवे के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। बीते चार दिन में तीन हादसों में छह लोगों की मौत हो चुकी है। जिससे लोगों में खासी नाराजगी है। एसडीएम मुकेश सिंह, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, नायब तहसीलदार प्रतिनिश तिवारी, देवनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र दायमा ने नाराज लोगों को किसी तरह समझाकर शवों का अंतिम संस्कार कराया।

### एक साथ किया अंतिम संस्कार

श्रवण मीणा का अंतिम संस्कार रविवार को ही कर दिया गया था। जबकि अनिकेत और रोहित का अंतिम संस्कार सोमवार को एक साथ किया गया। दोपहर तीन बजे के बाद दोनो मित्रों की अर्थियां एक साथ अंतिम संस्कार के लिए उठाई गईं और चार बजे स्थानीय श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### पूरा बाजार बंद रहा

सोमवार को नकतरा का बाजार पूरी तरह बंद रहा। हर व्यापारी और आम जन पीड़ित परिवारों को ढाढस बंधाने उनके घर पर पहुंचे। पूरा गांव अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। लोगों से शाम तक फिर दुकानें नहीं खोलीं।




### रविवार को अनिकेत का था बर्थडे

रविवार को रामनवमी के साथ साथ मृतक अनिकेत का जन्मदिन भी था, इसी अवसर पर तीनों छींद धाम हनुमान मंदिर दादा जी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। उल्लेखनीय है कि रविवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक पर सवार तीनों युवक 20 वर्षीय श्रवण मीणा पुत्र पृथ्वी सिंह मीणा, 23 वर्षीय अनिकेत पुत्र पूरन सिंह मीणा तथा 22 वर्षीय रोहित पुत्र रामगोपाल मीणा बुरी तरह घायल हुए थे। रोहित मीणा की उसी समय मौत हो गई थी, जबकि अनिकेत और रोहित की इलाज के दौरान भोपाल में मौत हुई। सोमवार को दोनो के शव नकतरा पहुंचे। सुबह 11 बजे तक परिजनों के उनके पुत्रों की मौत की जानकारी नहीं दी गई थी। शव आने के बाद ही उन्हे इसका पता चला। तब उक्त परिवारों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में जिलेभर से समाज के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने हाइवे पर आकर जाम लगा दिया।

स्पीड ब्रेकर न होने की वजह से....

# व्यस्ततम बजरंग चौराहा बना ‘एक्सीडेंटल स्पॉट’



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सुरक्षित एवं सुविधा जनक आवागमन करना प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है। लेकिन यह सपना नगर के बजरंग चौराहा व गांधी चौक पर आकर टूट जाते है।

बजरंग चौराहा जो कि नगर का ह्रदय स्थल कहा जाता है। इस चौराहा से कई बड़े नगरों व ग्रामों के लिए यात्री बसो का संचालन होता है। बल्कि रेत से भरे, खाली डंपर सहित अन्य दो, चार पहिया वाहन, कंटेनर, 12 से 24 चका ट्रक आदिर भवारी वहन निकलते हैं।

### नही बने स्पीड ब्रेकर, आये दिन होते है हादसे

बजरंग चौराहा हो या गांधी चौक किसी भी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर नही बनाए गए है। स्पीड ब्रेकर नही होने से अंधी रफ्तार से दौड़ाते वाहनों से हादसे हो रहे है। इन हादसो में घायलों की संख्या भी बढ़ रही हैं।

हालांकि हादसे के बार आपसी समझौता हो जाने के कारण मामला थाने तक नही पहुंच पाता हैं। बजरंग चौराहा, गांधी चौक, नूरपुरा पुलिया मोड़, षिवाजी नगर से सिविल अस्पताल जाने वाला मोड़ सहित नगर के अन्य स्पॉट एक्सीडेंटल जोन बनते जा रहे हैं। अंधे मोड़ तथा चौराहो पर एमपीआरडी द्वारा स्पीड ब्रेकर नही बनाए। स्पीड ब्रेकर ना होने से वाहन चालक खवास कर वाईक चालक तेज रफ्तार से बाइक चलाकर हादसों को जन्म दे रहे हैं।

नगरवासियों ने मांग की है कि बजरंग चौराहा, गांधी चौक, नूरपुरा पुलिया मोड़ सहित एक्सीडेंटल जोन बन रहे अन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए।

# ज्वारों का चल समारोह निकाल कर नदी में किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नवरात्र की घट स्थापना किए जाने के समय नगर व अंचल में श्रद्वालुओं द्वारा देवी की उपासना के स्वरुप देवी मंदिरो व घरो घर ज्वारे बोए गए। ज्वारो के समक्ष देवी भक्तों द्वारा भजन, पूजन, आरती आदि अनुष्ठान श्रद्धा व निष्ठा के साथ संपन्न किए।

ज्वारो का चल समारोह सोमवार को शाम के समय निकाला गया। इससे पूर्व अनेको स्थानो पर हवन व कन्या भोज कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, यहां पर देवी स्वरुपी कन्याओ को भोजन कराया तथा पैर में माहुल लगा कर भेंट दी



एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मातारानी के भक्तो के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहूति छोड़ कर हवन संपन्न किया गया। ज्वारो के चल समारोह में महिलाए सिर पर ज्वारो को रखे शामिल हुई। पुरुष वर्ग ढोल, मंजीरो की लय व ताल के बीच भजनो का गायन कर रहे थे।

# 60 एकड़ गेहूं की फसल के साथ जले कृषि उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार की दोपहर में चिन्ता ढाबा के पास अचानक लगी आग से ग्राम सलैया, छींद, किनगी और कामतौन के लगभग 20 किसानों की खेतो में खडी लगभग 60-65 एकड में गेंहू की फसल के साथ खेतो में बनी टपरिया, मकानो में रखे नोजल, पाइप, सिंचाई पंप, दवा डालने की डोरी, बिजली के तार, केविल जल जाने से 30-35 लाख रू. का नुकसान हो गया। खेतो में लगी आग आगे न बढ़े इसके लिए किसानों ने हवा की दिशा में खेतो को बखरा, फायर बिग्रेड की मदद से लगी आग पर काबू करने का प्रयास किया गया।

जैसे ही खेतो में खडी गेंहू की फसल में आग लगी किसान ट्रेक्टरो में बखर फंसा कर पहुंच गए। जिस दिशा में आग आगे बढ़ रही थी, उसे बखर कर आग को आगे बढने से रोकने का प्रयास किया। आग इतनी भयानक थी कि किसान खेतो में बने मकानों में रखे कृषि उपकरण भी सुरक्षित नहीं निकाल पाए। घटना की सूचना मिलने पर तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, हल्का पटवारी राजेश पटेल, पुलिस और किसानों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता रहा। लगभग 20-25 किसानों की 60-65 एकड फसल जल जाने से 35-40 लाख रू. का किसानों का भारी आर्थिक नुकसान हो जाने से किसान मायूस बने हुए है।

### खास बातें

- बिजली के आडे तिरछे खम्बे और हारवेस्टर के टकराने से निकली चिंगारी
- सलैया, छींद, कामतौन, किनगी ग्रामों की खडी फसल में लगी आग।



### लाखों का नुकसान

भीषण गर्मी, तेज धूप के साथ क्षेत्र के गांव-गांव में फसल कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। खेतो खेत हारवेस्टर फसल काटते नजर आ रहे है। रविवार की दोपहर में जब हारवेस्अर से चिंता ढाबे के पीछे गेंहू की फसल कटाई हो रही थी, तभी 11 केव्ही बिजली लाइन टकराने से निकली चिंगारी शोला बन गई। कामतौन, सलैया, किनगी, छींद ग्राम के किसानों की लगभग 60-65 एकड फसल को आग ने चपेट में ले लेने से लाखो रू. की पकी गेंहू की उपज घरो में आने से पहले ही जल कर राख और नष्ट हो गई। किनगी के किसान मनोज चौधरी ने चर्चा के दौरान बताया कि उदयपुरा गई 11 केव्ही लाइन के नीचे झुके खम्बे और लटके तारो के संबंध में अनेक बार बिजली विभाग के लोगो को जानकारी देने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया, और लापरवाही के कारण खेतो में आग लगने और लाखो के कृषि उपकरण फसल जल जाने की घटना हो गई।

कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

# कलेक्टर ने दिखाई नाराजगी, कहा- अधिकारी अपने विभागों की लंबित शिकायतों का शीघ्र करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों में समय से जबाव दर्ज कराएं तथा जो भी कार्यवाही की जानी हो अविलम्ब करें।

कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों एवं निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए रायसेन सीएमओ तथा पीओ डूडा सुरेखा जाटव को सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमओ मण्डीदीप प्रशांत कुमार जैन को भी गंभीरतापूर्वक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।




### लंबित शिकायत होने पर जताई नाराजगी

*कलेक्टर विश्वकर्मा ने पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या न हो, हैंडपंप या नलकूप खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही शीघ्र सुधरवाए जाएं। साथ ही 222 सीएम हेल्पलाईन शिकायतें लंबित होने निराकरण का प्रतिशत 55.49 प्रतिशत होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालन यंत्री पीएचई को आगामी 7 दिवस में अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया।*

### निराकरण में तेजी लाने अधिकारियों को निर्देश

*बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला प्रबंधक और सहायक आपूर्ति अधिकारियों को निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की 31 शिकायतें लंबित होने और निराकरण का प्रतिशत 22.50 प्रतिशत होने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को 50 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों का भी प्राथमिकता के साथ निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों तथा नॉन अटेंडेंट शिकायतों की जानकारी लेते हुए संबंधितों को निर्देशित किया।*

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोगों को ‘जल बचाव’ का दिया जा रहा संदेश

## जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश भर में 30 मार्च से चलाए जा रहे है जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रायसेन जिले में भी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायसेन के साथ मिलकर आईएसए जन कल्याण सेवा समिति, जौनपुर उ.प्र. के द्वारा रायसेन जिले के विकास खण्ड सांची, गैरतगंत और बाड़ी में अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों से ग्रामीणों को जल बचाव एवं जल स्त्रोतों को बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

- 90 दिन तक चलेगा जल गंगा अभियान

सोमवार को जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम रतनपुर तथा बाड़ी ब्लॉक के ग्राम केलकच्छ व बरेली में पीएचई के कार्यपालन यंत्री एसके मालवीय के मार्गदर्शन एवं समिति के टीम लीडर विनोद कुमार बड़ोदिया के नेतृत्व में जल बचाव करने एवं जल स्त्रोतों को जीवित रखने के लिए लोगों में जागरूकता लाई जा रही है।




### जल बचाव के लिए कर रहे प्रेरित

*रायसेन जिले के गांवों में पहुंचकर समिति द्वारा ग्रामीणों को जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई व जीर्णोद्धार करना। तालाब, कुएं, हैंडपंप, बावड़ी आदि की साफ सफाई कर उनको जीवित रखना, जिससे लंबे समय तक पानी की समस्या से जूझना न पड़े आदि बताया जा रहा है। साथ ही अभियान में समाज की सहभागिता के लिए जन जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे है। जिसमें पीआरए, नुक्कड़ नाटक, प्रचार रथ, जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति का प्रशिक्षण, स्कूलों में प्रतियोगिता आदि गतिविधियां की जा रही है।*

### वाटर हार्वेस्टिंग की दे रहे जानकारी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोगों को वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है, ताकि वह वॉटर हार्वेटिंग को समझकर बारिश के पानी को बचाने में अपना योगदान दें। साथ ही बताया जा रहा है कि जल स्त्रोत बढ़ाने के लिए वर्षा जल को घरों की छत से जमीन में उतारना होगा, जिससे हर ग्राम का जल स्तर उपर आ सके और लंबे समय तक पानी आसानी से मिल सके।